## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–20.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1 **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सिविल सेवा दिवस पर गुमला और सरायकेला उपायुक्त समेत 16 अधिकारियों को लोक सेवा में उत्कृष्टता के लिए करेंगे सम्मानित।**

2 **झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने निजी स्कूलों की फीस वृद्धि को बताया गैरकानूनी, सरकार से की कड़ी कार्रवाई की मांग की।**

3 **मौसम विभाग ने साइक्लोनिक सर्कुलेशन और बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के असर की दी चेतावनी, रांची समेत कई जिलों में वज्रपात और तेज हवाओं का अलर्ट जारी।**

4 **आईपीएल टी 20 क्रिकेट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को हराया, शाम साढ़े सात बजे मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स होंगे आमने सामने। ।**

*******************

प्रधानमंत्री कल नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस पर लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 16 अधिकारियों को प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में दिए जाएंगे। झारखंड से गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और सरायकेला खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को आकांक्षी जिलों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिया जाएगा। दोनों जिलों की प्रशासनिक टीमों के समन्वित प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी है। गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि गुमला प्रशासन से जुड़े हर कर्मी का इस पुरस्कार के प्रति योगदान है।

*******************

झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य के निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से की गई फीस वृद्धि को गैरकानूनी बताया है। उन्होंने सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। श्री राय ने कहा कि स्कूल प्रबंधन विभिन्न मदों में अवैध शुल्क वसूलकर अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। यह झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 का उल्लंघन है, जिसके तहत बिना अनुमति फीस वृद्धि अवैध है। उन्होंने कहा कि इस पर अब तक किसी उपायुक्त द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जो सरकार की गंभीरता पर सवाल उठाता है।

*******************

देश के विदेशी मुद्रा बाजार में पिछले चार वर्षों में काफी वृद्धि देखी गई है। यह वर्ष 2020 के 32 अरब डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2024 में 60 अरब डॉलर हो गया।

*******************

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन 25 अप्रैल को झारखंड के दौरे पर आएंगे। वे रांची में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए किए गए विशेष कार्य या पहल सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। गृह विभाग ने इसके लिए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक में पुलिस मुख्यालय की तरफ से भी प्रजेंटेशन दिया जाएगा।

*******************

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 ने मीडिया डेलीगेट पंजीकरण एक बार फिर खोल दिया है। मीडिया, फोटोग्राफी और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए यह अंतिम मौका 21 से 23 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगा। वेव्स का यह बहुप्रतीक्षित इवेंट 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित होगा।

*******************

भारतीय जनता पार्टी ने वक्फ संशोधन अधिनियम के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान– वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की आज शुरुआत की है। यह अभियान 5 मई तक चलेगा। इस अभियान के तहत, भाजपा नेता और कार्यकर्ता, मुस्लिम समुदाय के बीच जाएंगे और उन्हें संशोधित अधिनियम के बारे में जागरूक करेंगे।

*******************

पलामू जिले के रेहला स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में पोषण पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

*******************

आज देशभर में ईस्टर का पर्व मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार निस्वार्थ प्रेम और सेवा का संदेश देता है। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि ईस्टर आशा और नएपन का प्रतीक है। झारखंड में भी यह त्योहार धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी ईसाई धर्मावलंबियों को ईस्टर की बधाई दी।

*******************

- मेदिनीनगर शहर थाना परिसर में आज शाम आग लगने से 44 जप्त वाहन जलकर नष्ट हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस कर्मियों ने एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया। आग का कारण संभवतः शॉर्ट सर्किट या बिजली के खंभे से भड़की हुई थी।
- लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेबना गांव में एक हाथी का बच्चा कुएं में गिर गया, जिसे वन विभाग और ग्रामीणों ने पांच घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। रेंजर नंद कुमार राम ने बताया कि हाथियों को सुरक्षित स्थान पर भेजने का प्रयास जारी है।

*******************

झारखंड में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मौसम विभाग ने कल रांची में वज्रपात की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। साथ ही देवघर, दुमका, गोड्डा, खूंटी समेत कई जिलों में हल्की बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है। इन इलाकों में वज्रपात के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

*******************

आईपीएल टी 20 क्रिकेट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को सात विकेट से हराया। चंडीगढ़ में खेले गए इस मैच में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 157 रन पर 6 विकेट गंवाए थे। दूसरी ओर, आज शाम साढे सात बजे से मुंबई इंडियन्स का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से मुंबई में होगा।

*******समाप्त********